

आपदा प्रबंधन की संयुक्त मॉक ड्रिल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार शाम रुस्तम जी आवास परिसर, लाल परेड ग्राउंड के सामने संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), एसडीईआरएफ और होमगार्ड्स के जवानों ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान राहत, बचाव और घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर बाका आज भोपाल आएंगे

नप्र, भोपाल : जनता दल (यू) के नवनियुक्त मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष सुधीर बाका का 28 नवंबर को भोपाल आगमन होगा।



राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में उनके स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पार्टी नेताओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम सूर्यवंशी, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र त्यागी, कार्यालय प्रभारी अयाज अली, प्रदेश महासचिव शोभल सिसोदिया, संगठन मंत्री प्रदीप, आलोक कुमार, भोपाल जिला अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, भोपाल जिला ग्रामीण अध्यक्ष नईम भाई सहित मिशवा हसना, अमित राय, सलमान खान, राज उइके, रोहित शर्मा और रानू खान शामिल होंगे।

ऐशबाग जनता क्वार्टर के सभी 600 मकान ध्वस्त, सर्वे में 1.73 एकड़ जमीन कम मिली

- 40 साल पहले 5.73 एकड़ में बनी थी ईडब्ल्यूएस कॉलोनी
- अब पुनर्विकास परियोजना के लिए दोबारा सर्वे की तैयारी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ऐशबाग स्थित जनता क्वार्टर के आखिरी मकान को शुक्रवार सुबह प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही कॉलोनी के सभी 600 मकानों को तोड़ने की कार्रवाई पूरी हो गई। इससे पहले 23 नवंबर को 599 मकान ध्वस्त किए गए थे। शेष मकान को लेकर न्यायालय से मोहलत मिली थी, लेकिन ब्लॉक नंबर 465 से स्थगन हटने के बाद इसे भी खाली कराकर तोड़ दिया गया।

संबंधित व्यक्ति के पास एक वैध आवंटित मकान था, जबकि तीन अन्य मकानों पर अवैध कब्जा होने की जानकारी सामने आई। न्यायालय ने नया ठिकाना तलाशने के लिए सात दिन की मोहलत दी है। इस दौरान उसे रैन बसेरे में ठहराया जाएगा। प्रभावित व्यक्ति को कलेक्टर दर के अनुसार करीब 1,405 रुपये प्रतिमाह किराया भी दिया जाएगा।

कॉलोनी के पुनर्विकास के लिए हाउसिंग बोर्ड प्राइमरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जांच में सामने आया कि रिकॉर्ड में दर्ज 5.73 एकड़ जमीन के मुकाबले मौके पर केवल 4 एकड़ भूमि उपलब्ध है। यानी 1.73 एकड़ जमीन कम मिली है। अधिकारियों के अनुसार, जमीन की कमी की वजह अतिक्रमण हो सकता है।

हाउसिंग बोर्ड अब दोबारा सर्वे कराने की तैयारी कर रहा है, ताकि उपलब्ध जमीन की सही माप के आधार पर पुनर्विकास योजना तैयार की जा सके।

यह कॉलोनी 1986-87 में खसरा नंबर 801, 802, 803, 804 और 870 के अंशभाग में बनाई गई थी। वर्ष 1992 में इसे नगर निगम को हस्तांतरित किया गया था। 16 अगस्त 2016 को भवनों को जर्जर घोषित किया गया था।

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन आज देगा बेस्ट मैनेजर अवॉर्ड

नप्र, भोपाल : भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) की ओर से शनिवार को बीएमए लीडरशिप एक्सीलेंस ऑनर्स 2026 एवं बेस्ट मैनेजर अवॉर्ड समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे श्यामला हिल्स स्थित एनआईटीटीटीआर सभागार में होगा। इसमें औद्योगिक, शैक्षणिक, बैंकिंग एवं विभिन्न संस्थानों में कार्यरत उत्कृष्ट प्रबंधकों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि बीएचईएल भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रदीप उपाध्याय होंगे। विशिष्ट अतिथि एलआईसी सेंट्रल जोन के जोनल मैनेजर धर्मपाल तथा विशेष अतिथि आईआईएफएम भोपाल के निदेशक डॉ. के. रविचंद्रन होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश तिवारी, मानद सचिव शंकर कृष्णन और कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र ओझा आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। एसोसिएशन अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन कर रहा है।

सुमन की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सुमन की कालजयी रचनाएं 'मिट्टी की बारात', 'जीवन के गान' और 'वरदान मांगूंगा नहीं' हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं।

पांचवें राष्ट्रीय सतत ऊर्जा नवाचार कॉन्क्लेव में भविष्य के विद्युत तंत्र पर मंथन

तकनीक, नवाचार, निवेश और साइबर सुरक्षा के जरिए ऊर्जा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को अधिक विश्वसनीय, सक्षम और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से भोपाल में पांचवें राष्ट्रीय सतत ऊर्जा नवाचार कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। इसमें विद्युत तंत्र को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने, तकनीकी नवाचार, निवेश और साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

कॉन्क्लेव में केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारी, ऊर्जा विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, तकनीकी संस्थानों और ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नीति आयोग के उप सलाहकार (ऊर्जा) मनोज कुमार उपाध्याय तथा प्रदेश के श्रम एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव रघुराज एम. राजेंद्रन ने ऊर्जा क्षेत्र की प्राथमिकताओं और संभावनाओं पर विचार रखे। उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश की विकास यात्रा के लिए विश्वसनीय, सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार विद्युत तंत्र निर्माण पर चर्चा हुई।

ऊर्जा विभाग के ओएसडी मंदार पुराणिक ने स्वागत उद्बोधन दिया। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेश गढ़पाले तथा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने भी संबोधित किया। कॉन्क्लेव में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, डिजिटल परिवर्तन, डेटा विश्लेषण और परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

मधुमेह और हृदय रोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

- देशभर के करीब 1000 चिकित्सक होंगे शामिल
- आधुनिक उपचार और चिकित्सा अनुसंधान पर होगा मंथन

नप्र, भोपाल : मधुमेह एवं हृदय रोग पर 24वें दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28 और 29 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और चिकित्सक शामिल होकर चिकित्सा क्षेत्र के नवीनतम अनुसंधान एवं अनुभव साझा करेंगे।

सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. पीसी मनोरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग दोपहर 12 बजे करेंगे। सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे। मुख्य वक्ताओं में अमेरिका से डॉ. प्रकाश डीडवानिया, दिल्ली से डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. नितीश नायक, पुडुचेरी से डॉ. ज्योति देव केसवदेव, मुंबई से डॉ. आशीष नाबर और डॉ. अपूर्वी चावला, राजकोट से डॉ. संजय पंड्या, चेन्नई से डॉ. भावथारिणी, बेंगलुरु से डॉ. नीति राजजादा और जयपुर से डॉ. अभिनव शर्मा सहित कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में देशभर से लगभग 1000 चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य मधुमेह एवं हृदय रोग के क्षेत्र में नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, आधुनिक उपचार पद्धतियों और वैज्ञानिक प्रगति से अवगत कराना है।

बच्चन की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कवि और लेखक स्व. हरिवंश राय बच्चन की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि स्व. बच्चन ने 'मधुशाला', 'अग्निपथ' और 'नीड़ का निर्माण फिर' जैसी कालजयी रचनाओं से हिंदी साहित्य को सदैव समृद्ध किया।

मुबारकपुर क्षेत्र में हुआ हादसा

तेज रफ्तार थार की टक्कर से साले की मौत, जीजा की हालत गंभीर

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में मुबारकपुर ब्रिज के पास गुरुवार शाम तेज रफ्तार थार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे उसके बहनोई की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

परवलिया सड़क थाने के एएसआई राजवीरसिंह ने बताया कि ग्राम बीलखो, नजीराबाद निवासी 26 वर्षीय जसपालसिंह पुत्र हरीसिंह अहिरवार अयोध्यानगर बायपास रोड पर स्थित एक ढाबा पर अपने जीजा विक्रमसिंह के साथ काम करता था। जसपाल के रिश्तेदारी में किसी की डिलेवरी मुबारकपुर के पास स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में हुई थी। इसी सिलसिले में गुरुवार दोपहर जसपालसिंह, विक्रम को साथ लेकर बाइक से मुबारकपुर पहुंचा था। शाम को लगभग साढ़े छह बजे दोनों ढाबा पर वापस जाने के लिए निकले थे। वे लोग अस्पताल से निकलकर कुछ दूर बने ब्रिज के पास पहुंचे थे, तभी मन्नत ढाबा के सामने विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थार ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में जसपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके सिर में एवं हाथ-पैरों में गंभीर चोट लगी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से टक्कर मारने के बाद फरार हुए चालक और वाहन की तलाश कर रही है।

सड़क किनारे झुलसा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

ईंटखेड़ी थाना इलाके में परेवाखेड़ा बायपास रोड पर गुरुवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। शव इतनी बुरी तरह झुलस चुका है कि उसका चेहरा भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है। तलाशी में आसपास भी ऐसा कुछ नहीं मिला। जिससे मृतक के बारे में कुछ पता चल सके। ईंटखेड़ी थाने के एसआई केएल सुनहरे ने बताया कि ईंटखेड़ी निवासी अब्दुल शफीक ने गुरुवार सुबह 11:30 बजे परेवाखेड़ा-पतलोन बायपास रोड पर सड़क किनारे किसी युवक का शव पड़ा होने की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव जब्त किया। 20 से 30 वर्ष तक की आयु के युवक का शव आग से बुरी तरह झुलस चुका था। इससे उसका चेहरा पहचान पाना भी मुश्किल है। पास ही कचरा जला हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि युवक आग तापते समय हादसे का शिकार बना। या फिर उसे जलाने के बाद वहां फेंका गया था। पुलिस उसकी पहचान करने का भी प्रयास कर रही है।

कोलार में मामूली विवाद पर युवक पर प्राणघातक हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः कोलार थाना इलाके में गुरुवार शाम मामूली विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। कोलार थाने के एसआई जनार्दन मिश्रा ने बताया कि गरीब नगर निवासी 40 वर्षीय विनोद कुमार निजी काम करता है। गुरुवार शाम वह घर के पास खड़ा था, तभी मोहल्ले में रहने वाला भैयालाल सपेरा वहां पहुंचा। शराब के नशे में उसने विनोद के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर भैयालाल ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से उसकी कमर और पसली में गंभीर चोट लगी। शिकायत के आधार पर भैयालाल के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। उसके खिलाफ पूर्व से भी मारपीट का केस दर्ज है।

बेटी की अस्थियां दफनाने पहुंचे परिवार से मारपीट का आरोप

बैरसिया क्षेत्र के ग्राम कड़ैयाशाह में बेटी की मौत के बाद उसकी अस्थियां दफनाने पहुंचे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पारधी समाज के परिवार ने पुलिसकर्मियों और गांव के कुछ लोगों पर डंडों से मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि घटना के दौरान गर्भवती महिला के पेट पर भी डंडे से वार किया गया। परिवार का करीब 20 वर्षीय युवक राजीव भी लापता है। परिजनों का आरोप है कि पुलिसकर्मी उसे अपने साथ ले गए। युवक की मां कृष्णा बाई ने कलेक्टर और डीआईजी को शिकायत देकर बेटे की तलाश कराने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कुछ पुलिसकर्मियों और गांव के लोगों पर आरोप लगाए गए हैं।

30 की उम्र, 38 अपराध, अब चार किलो गांजा के साथ पकड़ाया सलमान काला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः निशातपुरा थाना पुलिस ने एक आदतन अपराधी को चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पूर्व से विभिन्न थानों में चोरी, लूट, चाकूबाजी जैसे 38 अपराध दर्ज हैं। उस पर रासुका की कार्रवाई भी की जा चुकी है। पुलिस अब उसके नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

निशातपुरा एसपीपी शशांक जैन ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके का निगरानी बदमाश सलमान उर्फ काला शहर के बाहर से मादक पदार्थ की खेप लेकर एहसान नगर के रास्ते पैदल आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एहसान नगर में स्थित कामरान की दुकान के आसपास निगरानी बढ़ा दी।



कुछ देर बाद ही सलमान वहां आता दिखाई दिया। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उसके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। उसमें रखे खाकी रंग के चार पैकेटों से कुल 4 किलो 123 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये है। आरोपी से गांजे के स्रोत और उसके नेटवर्क के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पीले क्वार्टर गैस राहत कालोनी थाना निशातपुरा निवासी 30 वर्षीय सलमान उर्फ काला पुत्र रईस खां थाने का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व से ही 38 अपराध दर्ज हैं। वह वर्ष 2008 से लगातार अपराध कर रहा है।



एमपी नगर में युवक के पास से एमडी ड्रग्स बरामद

क्राइम ब्रांच ने एमपी नगर क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद की है। पुलिस उसके पास से बरामद फोन से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह मादक पदार्थ वह उज्जैन से लेकर आया था। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर से पता चला कि एमपी नगर जोन-एक में एलआईसी के ऑफिस के पास मैदान में एक युवक संदिग्ध हालत में मौजूद है। संभवतः उसके पास मादक पदार्थ है। जिसे ठिकाने के लिए वह किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना की तस्दीक करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मैदान के पास स्थित शिव मंदिर के पास खड़े युवक को संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की पेंट के सामने की बायीं जेब से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में रखा सफेद रंग का क्रिस्टलनुमा अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुआ। जिसका कुल वजन 3.10 ग्राम होना पाया गया। आरोपी युवक की पहचान छोटी मस्जिद के पास,जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद निवासी 26 वर्षीय मोनिश कुरैशी के रूप में हुई। पूछताछ में उसने एमडी ड्रग्स उज्जैन से लाना बताया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। उसकी कॉल डिटेल एवं व्हाटसअप चैट के आधार पर उसके नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

लक्ष्मी गामड़ की पोस्ट वायरल

भूतों को बुलाया, वे भी मुझे मालकिन कहने लगे

नप्र, भोपाल : अपर नियंत्रक (शासकीय मुद्रणालय) लक्ष्मी गामड़ की सोशल मीडिया पोस्ट इन दिनों चर्चा में है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि उनके दुश्मनों ने तांत्रिक के जरिए भूत बुलाकर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन भूतों ने उनका कुछ बिगाड़ने के बजाय उन्हें मालकिन कहकर संबोधित किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दुश्मनों ने तांत्रिक बैठाया और तांत्रिक ने भूत बुलाए। भूतों ने उन्हें देखकर अदब से सिर झुकाया और कहा कि मालकिन, क्या आदेश है। उनकी यह पोस्ट दो दिन पुरानी है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लक्ष्मी गामड़ 2008 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। जनवरी 2026 से वे भोपाल स्थित शासकीय प्रेस में अपर नियंत्रक के पद पर पदस्थ हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपनी पोस्ट के जरिए टिप्पणी करती रहती हैं। करीब सात महीने पहले भी वे अपनी चमाट वाली पोस्ट को लेकर चर्चा में आई थीं। उस पोस्ट में उन्होंने जरूरत पड़ने पर अपनी ओर से किसी को थप्पड़ मारने के लिए सहायक की नियुक्ति की बात मजाकिया अंदाज में लिखी थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं आई थीं।

कार्यशाला *लाइव प्रदर्शन के माध्यम से विभागीय तकनीकी टीमों को प्रक्रिया समझाई ...*

जनपरिचय से सभी सरकारी सेवाओं के लिए मिलेगी एकल लॉगिन सुविधा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए एक ही लॉगिन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपरिचय प्लेटफॉर्म के प्रभावी क्रियान्वयन और तकनीकी एकीकरण को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जनपरिचय नागरिकों के समय की बचत और सरकारी सेवाओं की प्रक्रिया सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित



कार्यशाला में उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं में बार-बार ओटीपी और पंजीयन की प्रक्रिया कम करने के लिए सुरक्षित ऑटोमेशन आवश्यक है। डेटा गोपनीयता और सुरक्षा के मजबूत प्रावधानों के साथ नागरिक-केंद्रित सेवाओं को अधिक सुगम बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी सुनील जैन ने बताया कि वर्तमान में नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल पर पंजीयन और लॉगिन करना पड़ता है। जनपरिचय से एक ही अकाउंट के माध्यम से मध्यप्रदेश, केंद्र सरकार और अन्य राज्यों की विभिन्न सेवाओं तक पहुंच संभव होगी। आगामी एक-दो माह में प्रदेश के विभागीय पोर्टल और एप्लीकेशन की समीक्षा कर उन्हें प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना है।

कार्यशाला में विभागीय पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन के एकीकरण की चरणबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। तकनीकी सत्रों में प्रमाणीकरण, टोकन प्रबंधन, केवायसी, पंजीयन, साइबर सुरक्षा और एकीकरण मानकों की जानकारी दी गई। लाइव प्रदर्शन के माध्यम से विभागीय तकनीकी टीमों को प्रक्रिया समझाई गई। जनपरिचय में ओटीपी, बैकअप कोड और टोकन आधारित बहुस्तरीय प्रमाणीकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्लेटफॉर्म से सरकारी सेवाओं का उपयोग सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।